भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1745

बुधवार, 13 दिसंबर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

पेटेंट कार्यालय में स्टाफ

1745. श्री बेल्लाना चन्द्रशेखर:

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि पेटेंट कार्यालय में स्टाफ की संख्या अपर्याप्त है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा पेटेंट कार्यालय में और अधिक स्टाफ की भर्ती करने के लिए कोई कदम उठाए जा रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सोम प्रकाश)

(क) से (घ): अपने अधिदेश को पूरा करने के लिए पेटेंट कार्यालय के कार्यबल को उल्लेखनीय रूप से सुदृढ़ किया जा रहा है और इस उद्देश्य के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, 500 अतिरिक्त पद (सहायक नियंत्रक, पेटेंट और डिजाइन के 400 पद तथा परीक्षक, पेटेंट और डिजाइन के 100 पद) सृजित किए गए हैं। इन पदों पर भर्ती, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार विभिन्न पदों के लिए बनाए गए भर्ती नियमों के अनुसार की गई है।

****